राज
कॉमिक्स विशेषांक
मूल्य 20.00 संख्या 264
नहीं बचेगा नागराज
eComic

इस सम्बन्ध में विस्तार से जानने के लिए पढ़ें: शक्तिहीन नागराज

©RAJA POCKET BOOKS
visit us at: www.rajcomics.com

मेरा अब तक का सबसे घातक आविष्कार! करेंटी सूट! और इसको पहनेगा तू, शंकुनाद! नागराज ने तेरी मेमोरी साफ करके मुझ पर एक अहसान किया है! अब मैं तेरे दिमाग में जो चाहे वो भर सकती हूं!
पहन इसको और जाकर खत्म कर दे नागराज को!
करेंटी की वैज्ञानिक शक्तियों के आगे नागराज की सर्प शक्तियों को सिर झुकाना ही होगा! जा, और नागराज की लाश लेकर आ!
लाऊंगा! लेकिन वादा नहीं कर सकता कि साबुत लाऊंगा या टुकड़ों-टुकड़ों में!
महानगर में-
ये क्या है, राज? अब तक तुम कंप्यूटर पर एक फाइल तक नहीं खोल पाए! ऐसे काम कैसे चलेगा? मैडम तो तुमको नौकरी से ही निकाल देंगी!
जब से मैडम ने टाइपराइटरों की जगह कंप्यूटर लगवा दिए हैं, तब से कुछ समझ में ही नहीं आता निशा!

आज के जमाने में कम से कम कंप्यूटर चलाने की जानकारी तो होनी ही चाहिए, राज! तुमको ट्रेनिंग की जरूरत है! कोचिंग की!
ओफ! लगता है, मैं राज को बेवकूफ दिखाने के चक्कर में कुछ ज्यादा ही बोल गया! अब बिना मुझे बगैर कोचिंग दिलाए तो मानेगी नहीं!
वैसे आज तुम्हारा लुक अच्छा है, राज!
हमारे ऑफिस में एक कंप्यूटर एक्सपर्ट आए हुए हैं! अगर उनके पास टाइम हुआ तो वे तुमको रोज एक घंटे की कोचिंग देने यहां आ सकते हैं!
आओ! मैं तुमको उनके पास ले चलती हूं!
ये रहे! मिस्टर राज आपसे मिलना चाहते हैं, मिस्टर सर!
कोचिंग के लिए!
एक मिनट मिस्टर राज!
मैं जरा अपनी लॉलीपॉप उठा लूं!
ये... ये कंप्यूटर टीचर है! दस साल का लड़का!
मैं रोज शाम तीन से चार यहां आ सकता हूं! क्योंकि बाकी समय मैं कंप्यूटर पर वीडियो गेम खेलता हूं!
आजकल के बच्चे पैदा होते ही कम्प्यूटर से खेलने लगते हैं! इसीलिए कंप्यूटर के बारे में इनकी समझ हमसे ज्यादा है!
ठीक है मिस्टर सर! आप आज से ही आ जाइए!

ठीक है! ट्यूशन फीस भी तभी डिस्कस कर लेंगे!
तुम मेरे साथ कहीं मजाक तो नहीं कर रही हो डियर! ये बच्चा सिल्लू भला मुझे क्या पढ़ाएगा!
किसी भुलावे में मत रहना राज! सिल्लू हमारी कंप्यूटर सिस्टम स्पेशलिस्ट मिसेज सलवान का बेटा है! और अफवाह तो यह है कि मिसेज सलवान आजकल अपने बेटे सिल्लू से पूछकर ही काम करती हैं!
ओह!
सिल्लू कबाड़ कंप्यूटर का दीवाना था-
आज कुछ नया है अंकल सर्वर, या नहीं?
एकदम ताजा माल है! पुलिस डिपार्टमेंट से अभी-अभी कंप्यूटर कबाड़ खरीदकर लाया हूं! किसी सिल किलर नाम की अपराधी ने जब्त किया हुआ माल है! तुम चेक कर लो! अगर तुम्हारे मतलब की कोई चिप होगी तो सस्ते दाम लगा दूंगा!
ओ० के० अंकल! अभी चेक करता हूं!
कsss ल! क्या चिप्स हैं! ऐसे कंप्यूटर पार्ट्स तो मैंने पहले कभी देखे ही नहीं! सिल किलर आंटी तो कंप्यूटर जीनियस लगती है! लेकिन मेरे लिए ये सारा सामान बेकार है! पता नहीं ऐसी चिप्स के बारे में मैं समझ पाऊंगा या...
... आsssऊ!
क्या हुआ, सिल्लू?
कु... कुछ नहीं अंकल! एक चिप चुभ गई थी!
झूठ बोल रहा हूं! मुझे तो करंट लगा था! वह भी इस चिप से!
अद्भुत चिप है! सच बोला तो अंकल इसका दाम बढ़ा देंगे! इसको तो चेक करना ही पड़ेगा!

और थोड़ी देर बाद-
आऽऽऽ हा! मन तो कर रहा है कि घर जाकर अपनी मिनी लैब में तुरन्त इस चिप की टेस्टिंग शुरू कर दूं! लेकिन आज जिन्दगी का पहला ट्यूशन मिला है!
पहले कुछ एकस्ट्रा पॉकेट मनी कमा लूं! फिर टेस्टिंग करने में ज्यादा मज़ा आयेगा!
शीघ्र ही-
अब हम फाइल खोलना सीखेंगे! ठीक है, राज अंकल!
हां, हां, एकदम ठीक है!
सिल्लू सचमुच जीनियस है! कंप्यूटर के बारे में इसको काफी जानकारी है!
अब डेलिट! ये... अरे! ये... ये क्या हो रहा है? शायद कम्प्यूटर में कोई वायरस घुस गया है! वर्ना अक्षर ऐसे लट्टू की तरह घूमने न लगते!
ये वायरस नहीं, कुछ और ही है!
सिल्लू, बचो!
कंप्यूटर की स्क्रीन टूट गई है, और उसके अन्दर से कणों की एक रहस्यमय बौछार बाहर आ रही है!

और अब ये कण एक निश्चित आकार ले रहे हैं! क्या है ये मुसीबत?
मैं हूं करेंट! और नागराज के करीबी समझे जाने वाले इस भारती कम्प्यूटराइज्ड की तबाही मेरा चैलेंज होगी नागराज को!
जैसे मैं इस इमारत के टुकड़े-टुकड़े करने जा रहा हूं! ठीक वैसे ही, नागराज के चिथड़े-चिथड़े कर दूंगा!
ओफ! एक और चैलेंजर! और वह भी यहां पर! पहले चिन्नू को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना होगा!

ओ! यहां पर दो लोग भी मौजूद हैं! अच्छा है ये नागराज को मेरी शक्तियों का आंखों देखा हाल सुनाएंगे! भागने की कोशिश मत करो!
ओफ! इसने तो बाहर जाने का एकमात्र रास्ता रोक लिया।
मिल्लू के सामने मैं नागराज नहीं बन सकता! और यहां पर इसको अकेला छोड़ भी नहीं सकता।
यह क्या कर रहे हैं राज अंकल? शायद आप डर के मारे भूल गए कि इस वक्त हम पच्चीसवीं मंजिल पर हैं!
एक रास्ता है!
मिल्लू, नीचे कूद जाओ!
ओए! मना किया था न कि भागना मत! मेरी शक्तियां ध्यान से देख! अगर नागराज यहां आ जाए तो खुद देख लेगा वर्ना तू नागराज तक करोड़ों की शक्तियों की कमेंट्री पहुंचाएगा।
झनाक
मुझे पता है! लेकिन नागराज की नजर हर वक्त, हर जगह रहती है! वह तुमको बचा लेंगे!
तुम्हारे पीछे-पीछे मैं भी आ रहा हूं!
अंकल!
आऽऽऽह!
मैं इससे इसी बार की उम्मीद कर रहा था!

अगले ही पल-
अरे! ये... ये क्या? ये आदमी तो गायब हो गया! यानी मेरे 'इलेक्ट्रिक शॉक' ने इसको विघटित कर दिया! पर मैंने इतना शक्तिशाली वार तो नहीं किया था!
फिलहाल तो मुझको इस इंसान के टुकड़े-टुकड़े करने हैं!
खैर, गया तो गया!
और वह भी सेफ वक्त पर! मिन्नू जमीन के काफी करीब पहुंच चुका है!
अब तुम सीधे घर जाओ! मैं तुम्हारे राज अंकल को बचाने आ रहा हूं!
इसी वक्त-
करेंट्री ने मुझको इच्छाधारी कणों में बदलकर नागराज के रूप में आने का मौका दे दिया है!
नागराज!
ओ! थैंक्यू नागराज! मैं तो समझ रहा था कि आज राज अंकल मुझे 'आउट न लौट' करवाकर ही रहेंगे!

करेंट्री बड़े आराम से तबाही मचा रहा था-
मुझे सिर्फ इस 'सॉकेट' में अपने तार घुसाने हैं। और मेरा करेंट इन तारों में पहले से बह रही विद्युत धारा के साथ मिलकर वोल्टेज को बढ़ा देगा, और इस इमारत के सारे विद्युत उपकरण पॉपकॉर्न की तरह फटने लगेंगे!
ऐसे!
और हाई वोल्टेज से तारों में जो आग लगेगी वह पलक झपकते ही पूरी बिल्डिंग में फैलकर इस इमारत को राख का ढेर बना देगी!
ऐसा होने से पहले मैं तेरी झपकती पलकों को बन्द कर दूंगा! तुझे बेहोश करके!
नागराज! तू आ गया! वाह! वाह! अब मेरा काम यहीं पर पूरा हो जाएगा!


वर्ना मुझे दुगुना काम करना पड़ता! एक बार नागमणि फैलानी पड़ती और दूसरी बार तुझे मारने आना पड़ता
अब तुझे आने-जाने की तकलीफ उठाने की जरूरत नहीं है. तू यहां से सिर्फ जेल तक जाएगा.
तू मेरे सामने पलभर भी नहीं टिक सकता नागराज, तुझे मैं राख कर दूंगा! राख!
जा रही है.
मेरी विष शक्तियां पता नहीं इस पर असर करेंगी या नहीं, लेकिन एक शक्ति इसको तुरन्त मेरे काबू में ला सकती है!
मेरी सम्मोहन शक्ति!
मेरी आंखों में देखो गौर से देखो!
आंऽऽऽह
मेरी आंखों में मैं जरूर देखूंगा! लेकिन उनको निकालने के बाद!
ओह. सम्मोहन बेअसर रहा! पर क्यों?


कहीं करेंट्री एक रोबोट तो नहीं है ? अगर ऐसा हुआ तो मेरी नाग शक्तियां इस पर असर नहीं करेंगी.
अभी चेक करके देख लेता हूं.
जिस किनार पूरी घटना
नागराज, हाथ बढ़ा रहा है. लेकिन इसकी कलाइयों से कुछ निकल नहीं रहा है
अन्दर पहुंचकर शंकुनाद को काट सकते हैं.
शंकुनाद को सूक्ष्म सर्पों से बचाना होगा.
और आगे ही पल.
करेंट का एक झटका लगाते ही तेरे सारे सर्प राख में बदल
अब मैं इस सूट को तोड़कर इसके अन्दर के इंसान को बाहर निकालूंगा.
शंकुनाद
भेजती हूं!
इस सूट के अन्दर जरूर कोई इंसान है ! वर्ना रोबोट को मेरे सर्पों से बचाने की जरूरत ही नहीं पड़ती.
हा हा हा ! तेरे ध्वंसकसर्प मेरे सूट को नहीं तोड़ सकते नागराज ! लेकिन...


...मैं तेरे बदन को पाउडर में बदल सकता हूं।
ओह! अगर ये इलेक्ट्रिक शॉक मुझे लग जाता तो सचमुच मेरे चिथड़े उड़ जाते!
लेकिन इस शॉक ने मुझे करेंट को शॉक लगाने का रास्ता दिखा दिया है पहले इन सरियों को उखाड़ूंगा...
...और फिर इन्हें भाले की तरह फेंकूंगा
सरिये, करेंटो के हाथों में आ घुसे।
और फिर- दोनों सरियों का उस सर्प द्वारा आपस में संपर्क होते ही-

करेंट्री के शरीर से निकलती चिंगारियों ने पूरे कमरे को रोशन कर दिया-
आहा! वैसा ही हुआ, जैसा मैंने सोचा था. करेंट्री के सूट के सारे सर्किट आपस में शॉर्ट हो गए हैं.
खत्म हो गई हैं करेंट्री की शक्तियां
करेंट्री की शक्ति खत्म हुई है! स्वयं करेंट बना सकने की शक्ति
अब देख मेरी दूसरी शक्ति!
ओह, अब ये इस इमारत के तारों से दौड़ती बिजली से करेंट को खींच रहा है! इसका रूप और भी खतरनाक हो रहा है.
ओह! जाकर 'मेन स्विच' ऑफ करो! बिजली बन्द करो!
बिजली बन्द होने तक इससे बचने का एक ही रास्ता है!...


... कि मैं इच्छाधारी शक्ति का प्रयोग करूं.
इसी वक्त- महानगर की मेन पॉवर ग्रिड के कंट्रोल स्टेशन में-
सर! भारती कम्युनिकेशंस में कुछ भारी गड़बड़ चल रही है! वहां से पॉवर काट देने की रिक्वेस्ट आई है!
मुझे पता है, वहां पर न जाने कैसे पॉवर की सप्लाई अचानक बढ़ गई है!
मैं तो वैसे भी उस पूरे इलाके की पॉवर काटने जा रहा था...
लेकिन न जाने क्यों हमारा कम्प्यूटराइज्ड सिस्टम मेरा कमांड नहीं मान रहा है. कहीं ग्रिड में से केबल काट दूं?
कोशिश की जा चुकी है सर, केवल हाई वोल्टेज लॉस हो गया है! और उसको किसी अजीब से चुंबकीय क्षेत्र ने घेरा हुआ है!
हम उसको काट नहीं पा रहे हैं!
फिर हम कुछ नहीं कर सकते.
भारती कम्युनिकेशंस की इमारत में-
अब नागराज का बचना भी मुश्किल है, और इस इमारत का भी
क्या हुआ


ये ईमारत राख का ढेर बनने वाली है, सिल्लू ! और उस राख में नागराज के बदन की राख भी शामिल होगी . करेंट्री नाम का एक सुपर विलेन पॉवर हाऊस से बिजली खींचकर तबाही फैला रहा है ! और पॉवर हाऊस वालों का कंप्यूटराइज्ड सिस्टम उनके आदेशों पर काम नहीं कर रहा है . मैं कंप्यूटर एक्सपर्ट होकर भी कुछ नहीं कर पा रही हूं तुम यहां से भागो !
सबसे पहले मैं पॉवर हाऊस के कंप्यूटराइज्ड सिस्टम में घुसूंगा, और देखूंगा कि वह मेरा आदेश मानता है या नहीं .
ये रहा पॉवर हाऊस का कंप्यूटर सिस्टम.
सिल्लू की उंगलियों की बोर्ड पर तेजी से दौड़ने लगीं-
लेकिन-
ओफ, कोई नया और अत्याधुनिक कंप्यूटर प्रोग्राम पॉवर हाऊस के कम्प्यूटर सिस्टम को मेरा आदेश मानने से रोक रहा है और मैं उस प्रोग्राम के बारे में कुछ भी समझ नहीं पा रहा हूं . जरूर ये प्रोग्राम बनाने वाला कोई जीनियस है इस कम्प्यूटर चिप को बनाने वाले जीनियस की तरह जिसे मैं खरीदकर... ओह !
अचानक सिल्लू की आंखें चमक उठीं-
और-
अब मैं इस चिप के माध्यम से पॉवर हाऊस के कंप्यूटर सिस्टम में घुसूंगा, शायद इसका प्रोग्राम उस अत्याधुनिक प्रोग्राम की काट साबित हो पाए।
चलो, सिल्लू
बस, एक मिनट और, मम्मी !
एक मिनट, मम्मी ! एक मिनट . मुझे भी एक कोशिश कर लेने दो न .
ओ० के० ! लेकिन जल्दी ! आग फैलती जा रही है

इस सम्बन्ध में विस्तार से जानने के लिए पढ़ें 'शक्तिहीन नागराज'

और पॉवर हाउस में-
अरे, अरे, कमाल हो गया! एकाएक कंप्यूटर सिस्टम मेरे आदेशों को स्वीकार करने लगा है. मैं अभी भारती कम्युनिकेशंस की पॉवर को काट देता हूं
जरूर कंप्यूटर सिस्टम में कुछ खराबी हो गई होगी, जो अब ठीक हो गई है.
बिजली गुल होते ही-
अरे! ये... ये क्या? मेरे अन्दर दौड़ता करेंट खत्म कैसे हो गया है?
जैसे मेरा करेंट खत्म हुआ है, अब वैसे ही मेरे होश भी खत्म हो जाएंगे!
आऽऽऽह. बिना करेंट के तो मैं विद्युत कण इलेक्ट्रानों में बदलकर आ भी नहीं सकता
यह कैसे? कैसे? किसने बन्द किया मारो में बहने करेंट को. यह तो कोई कर ही नहीं सकता था क्योंकि पॉवर हाउस के कंट्रोल सिस्टम तो मैं अपने खास प्रोग्राम की मदद से चला रही थी
अभी चेक करती... ओह! लग गया पता. मेरे कंप्यूटर प्रोग्राम को उसी चिप की मदद से नष्ट किया गया है! मैं जिन्दा नहीं छोड़ूंगी उस कंबख्त को जिसने ऐसा किया है!
उसका पता लगाकर ही रहूंगी!
...रहा है. पिट रहा है; यानी उसकी शक्तियां खत्म हो गई हैं.


नागराज को मारने का यह प्लान उसी शख्स ने चौपट किया है, जिसके पास मेरी कंप्यूटर चिप है उस चिप में नागराज के विष की जानकारी भरी है. और नागराज को नागराज की विषैली शक्तियां ही मार सकती हैं. कंप्यूटर चिप हासिल करने से मैं उस शख्स को सजा भी दे सकूंगी, और नागराज को मारने की अपनी इच्छा भी पूरी कर सकूंगी. ... नागराज का विष बना कर
नागराज, करोंद्री से लड़ाई जीत चुका था-
ओह, करोंद्री के सूट के अंदर तो शाकुलार है. --❶
यानी यह मिस किलर का प्लान था.
अभी इससे मिस किलर के ठिकाने का पता करता हूं:
बता, कहां पर है तेरी मालकिन मिस किलर.
वर्ना मेरी विष फुंकार तेरी बची खुची याद-दाश्त को भी गायब कर देगी.
रुक जाओ, नागराज! इसकी आंखों को देखो. इसकी आंखों की शून्यता बता रही है कि इसकी याददाश्त पहले से ही गुम है!
ओह. यह भी मिस किलर का ही काम होगा.
इसीलिए मेरा सम्मोहन इस पर असर नहीं कर रहा था. ओफ. मिस किलर का भेजा हुआ हत्यारा हमारे हाथ में है, लेकिन फिर भी हम उस तक नहीं पहुंच सकते.
और जब तक वह पकड़ी नहीं जाएगी, तब तक वह मुझे मारने की कोशिश में विनाश फैलाती रहेगी!
ढूंढ उस चिप को मिस किलर! ढूंढ कि वह चिप कहां है.
वही चिप तेरी एकमात्र उम्मीद है:

खैर, अपने कर्मचारियों को मेरा धन्यवाद जरूर दे देना. बिजली बन्द करके करैंटी को हराने में मेरी मदद करने के लिए.
जिसने ये किया है, वह भारती कम्युनिकेशंस का कर्मचारी नहीं है, वह तो एक बच्चा है. मिसेज मलगान का दस साल का बेटा मिलन!
ओह! पर कैसे?
मैं बताती हूं, नागराज. करैंटी ने पॉवर हाउस के कंप्यूटर सिस्टम पर कब्जा कर रखा था! वे करैंट बन्द नहीं कर पा रहे थे, लेकिन मेरे बेटे ने अपने प्रोग्राम के जरिए कंप्यूटर सिस्टम पर कब्जा करके करैंट बन्द कर दिया।
अच्छा! तब तो मुझे उससे मिलकर उसका शुक्रिया अदा करना होगा; वह है कहां पर?
पॉवर ऑफ होते ही वह घर चला गया! वह कह रहा था कि उसको कंप्यूटर पर एक बहुत जरूरी काम है।
मुझे आप अपने घर का पता दीजिए! मैं मिलन से इसी वक्त मिलकर अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं।
मिलन अपनी मिनी लैब में व्यस्त था-
VX 5
ओ! एमेजिंग! इस प्रोग्राम का प्रयोग करके मैंने नागराज की जान बचा ली. अब देखना यह है कि इस प्रोग्राम के अन्दर क्या जानकारी भरी है।

अरे! इतने बड़े और अत्याधुनिक प्रोग्राम में सिर्फ एक छोटी सी जानकारी भरी है! किसी रासायनिक मिश्रण का विश्लेषण है! ये जरूर कोई बहुत खास रसायन होगा: मेरे पास इन रसायनों को बनाने की लगभग सारी चीजें मौजूद हैं. अभी बनाकर देखती हूं कि ये मिश्रण आखिर है क्या? पर ये दो परसेंट अंज्ञात कंपाउंड क्या है? खैर इसके बगैर ही बना लूंगा!
ANALYSIS
27% - SULPHONIC
41% - SILVER CYANIDE
17% - MAGNESIUM
06% - SANOLIC
07% - COPPER
02% - UNKNOWN
मेमोरी ट्रांसफर यंत्र ने नागराज की विषफुंकार की मेमोरी को जैसे का तैसा ट्रांसफर तो कर लिया था, लेकिन उसका पूर्ण विश्लेषण कंप्यूटर खुद भी नहीं कर पाया था-
नागराज में तो नागराज की मेमोरी विषफुंकार का मिश्रण बना रही थी, इसलिए वह फुंकार हू बहू नागराज की फुंकार जैसी ही थी. लेकिन कंप्यूटर द्वारा फुंकार बनाने की कोशिश में जो मिश्रण बनता था, उसका असर क्या होगा, यह कोई नहीं जानता था-
फिलहाल तो मिल्लू की नमकना के साथ-साथ-
मिस किलर की इच्छा भी पूरी होने वाली थी-
ओह! ओह. फिर से सिग्नल आ रहे हैं. अभी चिप की स्थिति का पता लगाकर अपने चमचे को वहां भेजूंगी, और फिर वह चिप मेरे पास होगी! मिल गई स्थिति.
पहले ये सिग्नल कहीं और से आ रहे थे, अब कहीं और से आ रहे हैं!
फिक्सर को भेजती हूं चिप लाने के लिए।
फिक्सर!


मिल्लू को अपने ऊपर मंडराते खतरे का आभास बिल्कुल भी नहीं था-
बस, दो परसेंट अंजान कंपाउंड को छोड़ दिया जाए तो सिर्फ एक कंपाउंड और मिलाना है!... फिर पता लग जाएगा कि इस चिप में क्या जानकारी भरी हुई थी!
कुछ ही मिनटों में ये कंपाउंड उबल कर इधर चला जाएगा, और मेरा काम खत्म हो जाएगा!
तेरा काम तो मैं अभी खत्म कर दूंगा अगर तूने मुझे वह कंप्यूटर चिप नहीं दी तो,
क... कौन हो तुम? और किस कंप्यूटर चिप की बात कर रहे हो?
फिक्सर से मजाक करता है, दीवार पर पोस्टर की तरह चिपका दूंगा. मैं उसी चिप की बात कर रहा हूं, जिसको तू अभी कंप्यूटर में लगा कर चला रहा है!
ये चिप तो कुछ ज्यादा ही खास लगती है; और इसमें भरी जानकारी भी खास ही होगी. वर्ना इतना खतरनाक आदमी इसको लेने यहां नहीं आता.


चिप को लेकर...
...यहां से आगाज होगा.
अरे! अरे, मैं तो समझ रहा था कि तू बच्चा है, इसलिए मुझे देखते ही डर जाएगा!
वैसे बच्चों को अकेले बाहर नहीं जाना चाहिए!
ओ, इसने किसी मॉल्यूकान की मदद से दरवाजा ही जाम कर दिया है! इसका मुकाबला करना होगा!
आssss ह
ये तूने मुझ पर क्या फेंका है?
ओ तुम्हारे स्टील के खोल को भी गला देगा!
ये स्टील का नहीं, टाईटेनियम धातु का खोल है, तेरा मामूली एसिड इसकी चमक तक को खत्म नहीं कर सकता, अब मैं तुझे 'फिक्स' करके तेरी चिप को ले लूंगा
वह चिपचिपा खोल, सिल्लू को ढकते ही कड़ा होना शुरू हो गया

तेरा दम न घुटे, इसलिए तेरी नाक के छेद मैंने खोल दिए हैं, बच्चे, अब ये चिप मुझे दे दे, और इंतजार कर अपने किसी मददगार का!
इसका मददगार तो आ गया है....
लेकिन तुम्हारी मदद कौन करेगा मिस किलर के गुलाम!
नागराज.
तू यहां पर कैसे... आऽऽऽह.
इस पर एक नजर डालना ही यह जानने के लिए काफी है कि इसको मिस किलर ने भेजा है!
लेकिन मिस किलर ने इसको मिलनू के पास क्यों भेजा है? क्या चाहती है वह मिलनू से?
नागराज. वह यहां पर भी पहुंच गया!
मेरी किस्मत इतनी खराब क्यों है?

ये चिप मेरे हाथों से निकल जायेगी! फिक्सर नागराज से बचाकर चिप को नहीं ला पायेगा। मुझे खुद जाना होगा। लेकिन अगर मैं नागराज के सामने गई तो वह मुझे पकड़ लेगा। मेरे पास नागराज से भिड़ने लायक शक्तियां अभी नहीं हैं। लेकिन जाना तो होगा ही।
फिलहाल मेरे पास सबसे शक्तिशाली हथियार यह फोर्स फील्ड क्रियेटर है। जो पहनने वाले के चारों तरफ एक ऐसे शक्ति क्षेत्र का निर्माण कर देता है, जिसके आर पार कुछ भी नहीं आ सकता।
इसमें अदृश्य हो सकने वाला भी एक यंत्र लगा है।
अब मैं नागराज का सामना करूंगी! और अगर मेरे वहां पहुंचने तक फिक्सर होश में रहा तो उसकी मदद से नागराज को मार भी दूंगी
नागराज, फिक्सर की शक्तियों को तो धीरे-धीरे समझ रहा था-
लेकिन इसके मकसद को वह तुरन्त समझ गया था-
तुम कम्प्यूटर चिप पर वही स्पेशल लिस्ट है, जो मिल्ला के ऊपर है, यानी तू इन्हीं को लेने यहां पर आया था।
अगर मैं इसको छीन लूं तो तू इसे लिए बगैर भागेगा नहीं।
इसे मैं तुझसे वापस छीन लूंगा, नागराज!

इस सम्बन्ध में जानने के लिए पढ़ें नागराज और मिस किलर

तड़पना बेकार है, नागराज! अब बस तू ये देख कि मैं कैसे तेरे हाथ से कंप्यूटर चिप को ले उड़ता हूं.
नागराज दीवार से टकराया, और-
नागराज का शरीर चिपचिपे द्रव के खोल में ढककर दीवार से चिपकता चला गया-
और अगले ही पल ड्रिल के छेद के जरिए कंप्यूटर चिप नागराज के हाथ से खींच ली गई-
और उसी पल ड्रिल से हुआ छेद भी भर गया
हा हा हा, नागराज! अब तू दम घुटने से मरेगा! क्योंकि मेरे खोल ने तेरे नाक और मुंह को भी ढक दिया है! और इस खोल को तू तोड़ नहीं सकता
चलता हूं, पर हां, तेरी लाश पर हार चढ़ाने वापस जरूर आऊंगा!
'हार' तो तुम अभी लेते जाओ, फिक्सर!
कौन?

तुम्हारी हार! नागराज!
यह... यह तो हो ही नहीं सकता था! इसके तुम्हारी सारी शक्तियां पता हैं
गोंद का खोल तुम्हारी त्वचा से चिपका हुआ था! इसीलिए तुम्हारे साथ-साथ उसे भी कणों में बदल जाना चाहिए था
तू...तू यहां पर है तो दीवार पर कौन चिपका हुआ है?
सिर्फ तुम्हारे गोंद का चिपचिपा खोल।
इच्छाधारी कणों में बदल कर आजाद हो गया!
जरूर बदल जाता, अगर वह खाल में जुड़ा होता तो!
इसमें भी तुमने ही मेरी मदद की है!
उस तीर के कारण मैं अपनी केंचुली छोड़
और चिपचिपा खोल सूत केंचुली के संपर्क में रहने के कारण मेरे शरीर से अलग हो गया, और कणों में नहीं बदल पाया!
मैंने मैंने उम्मम्फ कैसे?
मेरी छाती पर एक घूंसा जमाकर!
अरे! ये चिप अपने आप हवा में कैसे उड़ रही है?


कुछ गड़बड़ है। सिल्क तुमको थोड़ी देर और मूर्ति बनकर खड़े रहना पड़ेगा
कोई है यहां पर जो चिप को उठाकर ले जा रहा है! मुझे इसको रोकना होगा!
तब तक मैं... ओऽऽऽह
ओह! ये 'फोर्स फील्ड इनविजिबल फील्ड' में नागराज को नजर तो नहीं आ रही! लेकिन नागराज मुझे छूकर महसूस कर ले रहा है!
मुझे चुपचाप यहां से निकल लेना होगा, और साथ ही साथ चिप को भी 'फोर्स फील्ड' के अंदर ले लेती हूं, ताकि नागराज चिप को देखकर मेरी स्थिति का अंदाजा न लगा पाए
चिप भी गायब हो गई! अब एक ही तरीका है इस अदृश्य चोर को देखने का!
वह आयेगा तो दरवाजे की तरफ ही! विष फुंकार के धुएं में वह साफ नजर आ जाएगा।
आ गया।
ओह, यह तो मिस किलर की आकृति लगती है। चलो अच्छा ही हुआ कि तुम खुद सामने आ गई, वर्ना न जाने तुम्हारे अड्डे का पता बताने के लिए फिक्सर को कितना पीटना पड़ता।

गिरने से लगे उस झटके ने मिस किलर की बेल्ट के नाजुक पुर्जों को हिला दिया-
आऽऽऽह, मुझे अदृश्य रखने वाले कंट्रोल की ट्यूनिंग खराब हो गई है, लेकिन शुक्र है कि 'फोर्स-फील्ड' अभी भी मुझे घेरे हुए है.
और जब तक 'फोर्स फील्ड' कायम है, तब तक मुझे नागराज की किसी भी शक्ति का डर नहीं है
पिछली बार तो तू मुझे धोखा देकर भाग गई थी. और मेरे पीछे जाने के चक्कर में शंकुनाद भी मेरे हाथ से निकल कर भाग गया था।
लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा मेरी विष शक्तियां तेरे 'ऊर्जा कवच' को पार नहीं कर सकतीं, लेकिन मेरी सर्प रस्सी 'ऊर्जा कवच' को जकड़ अवश्य सकती है; और ऊर्जा कवच के साथ-साथ तू भी जकड़ी जाएगी मिस किलर.
...तो तुमको इतना लंबा डायलॉग बोलने की जरूरत ही नहीं पड़ती, नागराज
आऽऽऽह इसकी फोर्स फील्ड तो झटके भी मारती है.
झटके भी मारती है नागराज!

लेकिन फिलहाल मैं यहां पर रुककर तुझे जान से मारने का खतरा मोल नहीं लूंगी क्योंकि मेरे हाथ तेरी निश्चित मौत का तरीका लग गया है। अब तू ये सोचकर जीना कि हर दिन तेरी जिन्दगी का आखिरी दिन है.
तो मैं तेरी शक्ति से तुझे रोकूंगा
इसी हाथ से तू गोंद छोड़ रहा था.
कड़क
ओ, शुक्र है भगवान का कि गैंद और गोंद को छोड़ने वाले कंट्रोल इसी हाथ के अन्दर हैं. और तुझे उनको ढूंढने में समय गंवाना भी नहीं पड़ा।
मेरी अब शक्तियां भला तुझे रोक नहीं सकतीं मिस किलर
आऽऽऽह आऽऽऽह!
ये क्या किया तूने, मुझे मेरे ही गोंद की मदद से दीवार से चिपका दिया है!


हां, मिस किलर; अब तू
चाहे 'फोर्स फील्ड' के अन्दर
रह या बाहर, तू मेरी गिरफ्त
में अकड़ ही रहेगी.
आज़ाद होने के लिए मुझे 'फोर्स फील्ड' से बाहर तो आना ही पड़ेगा, नागराज
लेकिन फिर भी मैं तेरी गिरफ्त में नहीं आऊंगी
क्योंकि अब तू चिथड़ों में बंटने वाला है! ये 'स्पेशल ब्लास्टर गन' तुझे किसी भी रूप में मार सकती है, चाहे तू सामान्य रूप में रहे या इच्छाधारी कणों के रूप में!
इस गन ने तेरी आकृति को पहचान लिया है; अब ये 'ब्लास्टर रे' तेरा पीछा चिथड़ों में बांटने के बाद ही छोड़ेगी
ओऽऽऽ! इस गन के सिस्टम ने मेरी मानवीय आकृति को पहचाना है...
...लेकिन मेरा एक दूसरा रूप भी है, जो ये गन नहीं जानती...
...'मेरा सर्प रूप'।
अब यह किरण मुझे ढूंढती रह जायेगी.
नागराज की तलाश में 'ब्लास्टर रे' पूरी लैब में तबाही मचाने लगी—

लेकिन नागराज अभी खतरे से बाहर नहीं आ पाया था-
तू नागरूप में बदलकर भी नहीं बच सकता, नागराज जब तक ये गन मेरे हाथ में है, तब तक गन के कैमरे के जरिए यह किरण तेरे मानवरूप को ढूंढती रहेगी, और यह किरण तेरे नागरूप का पीछा करेगी, अब या तो तू नागरूप में मरेगा या मानव रूप में! जैसी मौत चाहे, चुन ले!
अब तो दोनों तरफ से मौत है, करूं तो क्या करूं?
जब तक गन मिस किलर के हाथ में है, तब तक... आह!...
...गन को मिस किलर के हाथों से गिरा देता हूं!
ओह, तू मुझे काटना चाहता है लेकिन मैं फिर से ऊर्जा कवच पहन चुकी हूं, तेरे दांत मेरी खाल तक नहीं पहुंच सकते
नागरूप का पीछा करती ब्लास्टर किरण मिस किलर की कलाई की तरफ बढ़ी-
और उसी वक्त नागराज का नागरूप कलाई पर से हट गया-
'ऊर्जा बोल्ट' ऊर्जा कवच को भेदता चला गया-
ओह! गन गिर पड़ी! अब ब्लास्टर बोल्ट ने तेरा पीछा करना छोड़ दिया है.
और इस बोल्ट की वजह से हुए शॉर्ट सर्किट से ऊर्जा कवच भी नष्ट हो गया है.
अब तुम हार गई हो... ओह. दूसरा बोल्ट नष्ट होते-होते भी उस बीकर से टकरा गया है.

शीकर के हटते ही, शीकर में भरा रहस्यमय द्रव, गैस के बादलों में बदलने लगा-
और इस गैस का मुख्य निशाना शीकर के सबसे पास खड़ा विष किलर बना-
आऽऽऽह, आऽऽऽह! इस गैस की महक तो तेरी विष फुंकार जैसी है नागराज! और... इसका असर भी वैसा... ही है!
विष किलर सच कह रहा है. यह मेरी विष फुंकार ही है. लेकिन मेरी फुंकार यहां पर शीकर में कैसे आ गई? खैर... इस घातक फुंकार से सिल्लू को बचाना होगा. क्योंकि यह अपने आप तो भाग नहीं सकता.
लेकिन-
ओह, नहीं. फुंकार सिल्लू तक पहुंच चुकी है. सिल्लू, सिल्लू. अगर तुम होश में हो तो मुझे जवाब दो. बोलो
कोई जवाब नहीं. यानी सिल्लू बेहोश हो चुका है. आस-पास फैली फुंकार को मैं अपने फेफड़ों में खींच लेता हूं, ताकि बाहर से आते वक्त सिल्लू पर इसका और असर न हो.
नागराज द्वारा फुंकार, फेफड़ों में खींचने की-

उसके गले से एक विस्फोट उबल पड़ा-
और उसको जिन्दगी का सबसे ... एक अनुभव हुआ-
आऽऽऽह, य... यह क्या था? मेरी ही जैसी फुंकार मेरे शरीर में आकर विस्फोट कैसे करा सकती है-
खैर, इस धमाके ने अपने आप मुझे कमरे से बाहर फेंक दिया है अब मिलन्द कुछ देर के लिए मूर्छित है! तब तक मैं मिस किलर को इस घातक फुंकार से बचाता हूं!... बस ये ध्यान रखना होगा कि अब मैं सांस न लूं.
कुछ ही पलों में नागराज ने इस लैब का कोना कोना छान मारा और-
अस्पताल में-
तुम मिलन्द को वक्त पर ले आए, नागराज,


अभी जहरीला धुआँ इसके रक्त तक नहीं पहुंचा है, लेकिन ये होश में कब तक आयेगा, यह कहना मुश्किल है।
इसकी जान बच जायेगी, यह जानना ही बहुत है, डॉक्टर साहब!
थैंक्यू नागराज! अगर तुम मिल्लू को धन्यवाद करने न जाते तो शायद मेरा मिल्लू आज...
माफ करें सल्लमन! मुझे सिर्फ एक बात बताइए! मिल्लू अपनी लैब में क्या चीज बना रहा था?
मुझे तो यह भी नहीं पता है कि वह कुछ बना रहा था! यह तो मिल्लू ही बता सकता है।
यानी यह जानने के लिए हमको मिल्लू के होश में आने का इन्तजार करना होगा।
इसी वक्त - राजनगर के एक दूसरे हिस्से में:
हाह... थैं... थैंक्यू मैडम मुझे पता नहीं था कि आप मुझे उठाकर दस किलोमीटर भगा सकती हैं! वह भी तब, जबकि मैं चार सौ किलो के सूट के अन्दर हूं।
मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि मैं क्या कर रही हूं, और क्यों कर रही हूं। मेरा सिर फटा जा रहा है!... मुझे तो अपने अड्डे का रास्ता तक याद नहीं था, इसीलिए मुझे उठा कर लाना पड़ा।
इतनी ताकत आपमें कहां से आई?
ताकि मैं मुझे रास्ता बता सके!

देख, मेरा क्या हाल बना दिया है, उस रसायन के धुएं ने, ज़हर मेरे रोम-रोम में घुल गया है
मेरे सुन्दर चेहरे को बदसूरत बना दिया है। मन कर रहा है कि मैं अपने ही चेहरे को नोच डालूं.
मैडम, मैडम! आप तो से भी ज्यादा शक्तिशाली हो गई हैं. सौ किलो वजन उठा कर दस किलोमीटर दौड़ सकती हैं; विस्फोटक विष फुंकार छोड़ सकती हैं. और क्या-क्या शक्तियां हैं आपके पास?

जो भी शक्तियां हैं, अब उनका प्रयोग मैं नागराज के प्यारे शहर महानगर और महानगर वासियों को नोचने में करूंगी. जितनी तकलीफ उसने मुझे पहुंचाई है, उससे दस गुना तकलीफ मैं उसको पहुंचाऊंगी!
और अगर नागराज ने मुझे रोकने की कोशिश की, तो या आज उसके चिथड़े उड़ेंगे या मेरे. हम दोनों में से कोई एक ही बचेगा...
...और वह बचने वाला शख्स नागराज नहीं होगा.

नागराज इस गुत्थी को सुलझा नहीं पा रहा था-
इतने चिंतित क्यों हो, नागराज? सिस किलर अगर बच गई होगी तो बुरी तरह से घायल होगी। आज नहीं तो कल वह पकड़ में आ ही जाएगी.
नहीं, भारती! घायल इन्सान दीवार तोड़कर नहीं आ सकता! विषधर तो चलने की हालत में भी नहीं था, उसको भी उठाकर ले जाने वाली सिस किलर घायल तो कतई नहीं हो सकती.
अगर सिस किलर बच गई है तो वह है कहां?
अगर वह उस माइक्रोचिप को अपने साथ ले गई है तो अब तक इसकी मदद से कोई खतरनाक हथियार बना रही होगी
हालांकि...
...सिस किलर हथियार बना नहीं रही है...
...बल्कि वह खुद एक हथियार बन चुकी है
तुम्हारे स्वागत में
सिस किलर!

हां, मिस किलर तेरी मौत बनकर आई हूं मैं, यहां पर तो मैं तेरे चेहरे ने भारती कम्युनिकेशंस को धूल में मिलाने आई थी! ताकि तुझे बेहिसाब तकलीफ हो, जितनी मुझे हो रही है, उससे कई गुना ज्यादा, लेकिन तू यहीं पर मुझे मिल जाएगा, इसकी मुझे उम्मीद नहीं थी.
वर्ना तू यहां पर आने की हिम्मत नहीं करती; यही न?
विस्फोटक फुंकार
तू बहुत उड़ रही है, मिस किलर; अभी तुझको धरातल पर ला पटकता हूं.
तेरे सांपों को मेरी तंतु सेना रोकेगी, नागराज!
ये... ये शक्तियां तुझमें पहले तो नहीं थीं?


ये शक्तियां मुझे तेरी ही मेहरबानी से मिली हैं नागराज. तूने अपनी चिता को खुद ही सजा लिया है, याद है वह ईकर, जिसको तुझे ढूंढने वाले 'ब्लास्टर बेल्ट' ने मेरे पास तोड़ दिया था. उसी विषैले धुएं ने मेरे शरीर में घुसकर मेरे शरीर को बदसूरत बनाकर मुझे ये असीम शक्तियां प्रदान की हैं...
... तुझ जैसे जहरीले को जहर से मारने के लिए.
आऽऽऽह,
उस धुएं से इसको इतनी शक्ति कैसे मिल गई? वह जहरीला धुआं तो एकदम मेरी फुंकार जैसा था! मैं उसको पहचानने में गलती कर ही नहीं सकता
लेकिन इस फुंकार को जब मैं पीने की कोशिश करूं या अपनी फुंकार से काटने की कोशिश करूं तो धमाका क्यों हो जाता है?


धड़ाक
कोई फायदा नहीं है, नागराज, आज तेरी जहरीली शक्तियां तुझे बचा नहीं सकतीं! क्योंकि अब ये शक्तियां ही तेरी मौत बन जाएंगी!
आऽऽऽऽह!
शक्ति वाली नार, मिस किलर को उस जहर से अलग दूसरा अलौकिक शक्ति भी प्रदान कर दी है.
होश सम्भालने से पहले ही नागराज के हाथों को मिस किलर के बहने तंतु अपनी लपेट में ले चुके थे-
अब इन तंतुओं से निकलकर मेरे शरीर से दौड़ता जहर, तेरे शरीर के जहर से मिलेगा, और तेरा शरीर, करंट की घाटी बन जाएगा!


बेहिसाब धमाके होंगे तेरे शरीर के अन्दर, और तेरा शरीर हवा भरे गुब्बारे की तरह फट पड़ेगा.
आऽऽऽह!
ईऽऽऽऽऽ
इच्छाधारी शक्ति का प्रयोग करना होगा!
कैसे करूँ? कैसे ध्यान केन्द्रित करूँ अपना? आऽऽऽह, सारी नसें फटती सी महसूस हो रही हैं!
तभी-
वाह, मैडम मुझे पता नहीं था कि आप किचन के चाकू से इतना अच्छा निशाना लगा लेती हैं!


प्रैक्टिस, लिज़ा, प्रैक्टिस, मैं तो सब्जी भी दीवार पर टांगकर, दूर से चाकू मारकर ही काटती हूं!
कुछ भी कहिए मैडम! आज आपने नागराज की जान बचा ली.
तुझे किस्मत ने बचा लिया नागराज, लेकिन तू ज्यादा देर नहीं बचेगा खत्म कर दूंगी मैं, तुझे.
सिर्फ कुछ देर के लिए लिज़ा! अपनी जान तो नागराज को खुद ही बचानी होगी
अगर तंत्र-मंत्र के चक्कर होते तो मैं भी फेसला बनकर आती, लेकिन यहां पर तो वैज्ञानिक शक्तियां नागराज से लड़ रही हैं!...
ओह! यानी नागराज को अभी तक पता नहीं है कि वह लड़का क्या बना रहा था. वह कंप्यूटर चिप भी लड़ाई के दौरान टूट गई थी; मैं तो उस लड़के के बारे में भूल ही गई थी. उसको पता है इस सिरप के बारे में; वह मुझे बताएगा इसका फॉर्मूला.
तुझे भी मुझसे सिर्फ तेरी किस्मत बचा रही है सिस किलर. सिल्लू अभी तक बेहोश है, वर्ना मुझे उस सिरप की जानकारी मिल चुकी होती, जिसने तुझे शक्तियां दी हैं
और मैं तेरी शक्तियों की काट सोच चुका होता!
लेकिन इसके लिए मुझे उस लड़के को तुरन्त अस्पताल से उठाना होगा.
लेकिन वह लड़का है किस अस्पताल में?
नागराज को मैं अपनी शक्तियों की काट नहीं बनाने दूंगी! पहले नागराज को मारूंगी, फिर उस लड़के से इस फॉर्मूले की काट बनाकर सामान्य हो जाऊंगी
सिस किलर भाग रही है!
मैंने इसको सिल्लू का ध्यान दिला दिया है. ये जरूर उसी के पास जा रही है!

सही समझा तू नागराज. मैं इसका अपहरण करके ले जाऊंगी, और इससे जहरीले मिश्रण का फॉर्मूला पता करूंगी फिर मेरे पास अपनी जहरीली सेना होगी नागराज! और फिर इस दुनिया पर राज होगा मिस किलर का!
नागराज तेजी से एक दिशा में बढ़ चला-
मुझे मिस किलर से पहले अस्पताल पहुंचना होगा. सिल्सू अगर मिस किलर के हाथ लग गया तो मुझे उसकी शक्ति की काट कभी नहीं मिलेगी! और वह सचमुच दुनिया को अपने कब्जे में कर लेगी.
शीघ्र ही-
वाह, मैं पहले पहुंच गया मिस किलर अभी तक यहां पहुंच नहीं पाई है!
नागराज सिल्सू को अभी तक होश नहीं आया है
ऐसा कभी नहीं होगा, मिस किलर! तुझे सिल्सू कभी नहीं मिलेगा, कभी नहीं.
आ
इसके लिए कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं है, नागराज!
कोई बात नहीं फिलहाल इसको इसे किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाना होगा!
मिस किलर, आखिर तू यहां तक पहुंच ही गई!

तू ही मुझे यहां तक लाया है, नागराज
मुझे तो पता ही नहीं था कि सिल्लू यहां पर है! पर मुझे यह पता था कि सिल्लू के अपहरण की खबर सुनकर तू सीधा सिल्लू के पास आयेगा, और मैं तेरा पीछा करती- करती यहां तक पहुंच जाऊंगी. वैसा ही हुआ.
लेकिन सिल्लू तुझे नहीं मिलेगा, मिस किलर.
STORE ROOM
कहां तक भागेगा नागराज! तू जितना मुझे थकायगा, उतना ही तड़पाकर मैं तुझे मारूंगी.
अरे! कहां गया? इधर तो सिर्फ एक ही दरवाजा है, अस्पताल का स्टोर रूम! नागराज अन्दर इसी में गया होगा.
STORE ROOM
अन्दर घुसते ही
ओ. खौं... खौं! ये क्या है?


ये कई दवाईयों का मिला जुला चूर्ण है, मिस किलर तुझे पर मेरा ज़हर न सही, इनमें से एक दवाई तो असर करेगी ही करेगी.
मिस किलर लड़खड़ा गई-
और उसके संभलने से पहले-
नागराज ने उसको सर्जिकल टेप से जकड़ दिया-
अब तू किसी शक्ति का प्रयोग नहीं कर पाएगी, मिस किलर।
तेरा खेल खत्म हो गया है।
तू इन बंधनों से छूट नहीं सकेगी
चलो, तुम्हारे लिए जेल का खास कमरा इंतजार कर रहा है.
उफ्फ़फ़,
मिस किलर एक तरफ लुढ़की-
इस अप्रत्याशित घटना से नागराज संभल भी नहीं पाया था-
कि उसको एक दूसरा झटका आ लगा-
और एसिड का झरना उसको भिगो गया-
सर्जिकल टेप के बंधन गलते चले गए-

और अगले ही पल, स्टोर रूम आग की लपटों में चमकने लगा-
ओफ़ !
ये क्या किया तूने, अस्पताल में भर्ती लाचार मरीज़ों की जान तूने खतरे में डाल दी है.
तो उनको बचा ले, नागराज !
मुझे पता है कि तू आग को काबू में कर लेगा. लेकिन ये काम करने में तुझे वक्त लगेगा, और तू मेरा पीछा नहीं कर पायेगा और मैं आराम से इस सिल्कू को लेकर अपने अड्डे तक पहुंच जाऊंगी !
जल्दी ही मिस किलर के अड्डे में-
हा हा हा हा !
अस्पताल के बाहर फिट मेरा कैमरा बता रहा है कि नागराज अभी तक आग ही बुझा रहा है. ...
... अब मैं तुमसे जानकारी उगलवाऊंगी सिल्कू, और फिर तुम्हें हमेशा के लिए सुला दूंगी !


बताओ मिल्लू ! मेरी 'हिप्नोटाइटिक मशीन' तुमको नींद में ही सच्चाई बोलने पर मजबूर कर देगी ! बताओ, उस रहस्यमय कंप्यूटर चिप में क्या फॉर्मूला भरा था . बोलोऽऽऽ बोऽऽऽऽ लोऽऽऽऽऽऽऽ
मिल्लू कुछ नहीं बोलेगा, मिस किलर .
मेरी हिप्नोटाइटिक मशीन .
नागराज ! तू... तू यहां तक भी पहुंच गया ! कैसे ? तूने तो मेरा पीछा भी नहीं किया था .
ज्यादा सोचकर दिमाग को तकलीफ मत दो मिस किलर. तुम्हारी भलाई इसी में है कि तुम अपने- आपको कानून के हवाले कर दो
लगता है कि तू मेरी विषैली शक्तियों के बारे में भूल गया है नागराज
मैं भूला नहीं हूं. लेकिन तू ये भूल रही है मिस किलर, कि यहां पर विस्फोट होने से तेरी ही लैब तबाह होगी !

तो फिर ऐसा इंतजाम करना होगा कि सिर्फ तू तबाह हो, मेरी लैब नहीं.
ओह! तीन तरफ से फुंकार के गोले मेरी तरफ बढ़ रहे हैं!
मुझे घेरने की कोशिश की जा रही है! मुझे सावधान रहना होगा.
ओह! यह मैं किस चीज से टकरा गया?
यह 'फोर्स फील्ड' का बना हुआ कंटेनर है, नागराज! अब इसमें तू मेरी फुंकार के गोलों के साथ बन्द हो गया है इससे तू बाहर निकल ही नहीं सकता क्योंकि फोर्स फील्ड को बन्द करने का कंट्रोल ये है! तेरी पहुंच से बहुत दूर.
अब तू नहीं बचेगा नागराज.

ये विस्फोट तेरे चिथड़े उड़ा देंगे; लेकिन मैं तेरी मरती आंखों के सामने ही सिल्लू से वह फॉर्मूला उगलवा भी लूंगी, और वह मिश्रण भी तैयार कर लूंगी. नष्ट होते-होते भी मेरी 'हिप्नोलाइटिक मशीन' ने सिल्लू के दिमाग पर इतना असर तो कर ही दिया है कि वह मुझे मिश्रण का फॉर्मूला बता दे.
बोल, सिल्लू, बोल! बता क्या है वह फॉर्मूला?
सिsss रसोsss सरसों का तेल ढाई सौ ग्राम.
सरसों का तेल, नागराज के जहर में सरसों का तेल होता है? जरूर होता होगा. हिप्नोलाइटिक किरण के असर में आया बच्चा झूठ नहीं बोल सकता!
आगे बोलो सिल्लू, आगे बोलो.
निस किरण, फॉर्मूला हासिल कर रही थी-
और नागराज मौत के करीब पहुंचता जा रहा था-
आsssह! मैंने इस स्थिति की कल्पना नहीं की थी.
जहां से मुझे मदद की उम्मीद थी, अब वहां से मदद मैं नहीं ले सकता!

मुझे कहीं और से मदद का इंतजाम करना होगा.
मिस किलर पूरा फॉर्मूला हासिल कर चुकी थी.
हा हा हा ! कोई सोच भी नहीं सकता कि नागराज का जहर, यानी दुनिया का सबसे तेज जहर इन सारी चीजों से मिलकर बनता होगा. मैं इनको मिलाकर जहर बनाऊंगी. तुरन्त बनाऊंगी और उसी जहर से तेरा खात्मा कर दूंगी, सिल्लू.
ताकि तू और किसी को यह फॉर्मूला कभी न बता सके.
ओ ! यानी सिल्लू मेरा जहर बना रहा था, लेकिन यह फॉर्मूला उसको मिला कहां से ? कहां से आई थी वह कम्प्यूटर चिप ?
जल्दी ही मिश्रण तैयार हो चुका था-
च च च ! तू तो मरते वक्त अपने भगवान को भी याद नहीं कर पायेगा, सिल्लू. बेहोशी में ही मर जायेगा.

सरसों का तेल थोड़ा ज्यादा हो गया है, मिस किलर आंटी!
मिल्लू तो होश में है! और ये जहर पीकर भी नहीं मरा?
न तो ये मिल्लू है...
—और न ही तुम्हारे बीकर में जहर है, मिस किलर!
ये तो सब्जी बनाने के मसाले का मिश्रण है!
नागराज! तू—तू आजाद हो गया? कैसे?
तुम्हारे और अपने जासूस सर्पों की मदद से!
तुमने मुझे फोर्स फील्ड बंद करने वाला बटन दिखाया, और मेरे बुलाने पर अमर जासूस सर्पों ने उसको दबाया!
ओऽऽऽ... पर... पर अगर ये मिल्लू नहीं है तो है कौन? असली मिल्लू कहां गया?
असली मिल्लू को मैंने अस्पताल के उसी स्टोर रूम में छिपा दिया था जिसको फिर मैंने वापस उसके कमरे में पहुंचा दिया था! यह तो नागू है! ग्रेट रूपक्टर!
अब तुम्हारी कोई भी कोशिश बेकार है, मिस किलर आंटी!
मेरी मणि के सामने तुम्हारी शक्ति तुच्छ है!
जरूर होगी!
लेकिन तब जब तुम्हें मणि का प्रयोग करने का मौका मिलेगा!

आऽऽऽह! आऽऽऽह! इतना भीषण ताप! मेरी शक्ति भी इस ताप को नष्ट नहीं कर पा रही है! उस विषैले धुएं ने मिस किलर को... आऽऽऽह... भीषण शक्ति दे दी है!
नागू को पूरी तरह से कोयला बनने से सिर्फ उसकी मणि शक्ति ने ही बचाया था-
लेकिन नागू के होश को गुम होने से कोई नहीं बचा पाया-
अब बारी नागराज की थी-
आऽऽऽह! असहनीय पीड़ा हो रही है! इस जीभ से भीषण ताप निकलकर सारे शरीर को झुलसा रहा है!
इच्छाधारी शक्ति को बुलाने के लिए ध्यान तक केन्द्रित करना मुश्किल हो रहा है!
अब तो एक ही चमत्कार का आसरा है! और वह ये कि मिल्लू होश में आकर मुझे इस जहर के बारे में जानकारी दे दे
दृढ़ इच्छाशक्ति वाले-
चमत्कारों को भी होने पर मजबूर कर देते हैं-
अस्पताल में-
आऽऽऽह! मुझे यहां पर क्या नागराज अंकल लेकर आए थे मम्मी?
मिल्लू! तू होश में आ गया?
कैसा लग रहा है?
एकदम फर्स्ट क्लास मम्मी!
तो तुरन्त एक काम करो! इस कंप्यूटर पर वह सारी जानकारी टाइप करो, जो तुम्हें उस मिश्रण के बारे में पता है! जिसे तुम अपनी लैब में बना रहे थे!
पर क्यों?
नागराज को बचाने के लिए!

लेकिन... नागराज तो यहां है नहीं। वह देखेंगे कैसे?
इस सांप की आंखों से। यह सांप जो भी देखेगा, वह मानसिक संकेतों द्वारा नागराज तक पहुंचा देगा।
ओ. के. मम्मी।
पता नहीं नागराज को मानसिक संकेत मिलने तक जिन्दा रहना भी था या नहीं-
आऽऽऽह! शरीर का सारा पानी सूखता जा रहा है... इस बंधन से छूट पाना मुश्किल है!
ओह! मानसिक संकेत आ रहे हैं! मिल्लू जानकारी भेज रहा है! हां... हां...
...ओ! समझ गया! मिल्लू को मेरे जहर की जानकारी नागराज की कंप्यूटर चिप से मिली है! और दो प्रतिशत अंजान तत्त्व के अभाव में मेरा जहर विस्फोटक हो गया है! और उसमें ये खतरनाक शक्तियां पैदा करने की शक्ति भी आ गई है!
वह दो प्रतिशत तत्त्व मेरे जहर पर नियंत्रण रखता है! और वह तत्त्व मेरे और मेरे सर्पों के जहर में मौजूद है! इस तत्त्व को मिस किलर के शरीर में मौजूद विष में मिलाकर उसे नियंत्रण में लाना होगा।
लेकिन इसके लिए मेरे सर्पों को मिस किलर का विष चूसना होगा...
...वहां मेरे जहर का अंजान तत्त्व मिस किलर के जहर से मिलेगा, और मिस किलर के शरीर में मेरा पूर्ण असर वाला विष तैयार होकर इसके शरीर को नष्ट देगा।
हाहाहा! मूर्ख नागराज, मेरा विष चूसने के चक्कर में तेरे सांपों के चिथड़े उड़ रहे हैं!

सिर्फ कुछ सांपों के सिर फिरा! लेकिन यह तुम्हारी जीत नहीं, हार की शुरुआत है! क्योंकि ये धमाके वास्तव में तुम्हारी विषैली शक्ति नष्ट होने के संकेत हैं; मेरा विष तुम्हारे विष की घातक क्षमता को नष्ट करके अपने जैसा बना रहा है!
आऽऽऽ! सचमुच! मेरी... मेरी शक्ल फिर से पहले जैसी हो रही है! यानी विष नष्ट हो रहा है! थैंक्यू, नागराज! थैंक्यू!
तुम मुझे कोसने के बजाय धन्यवाद दे रही हो! तुम्हारा मकसद तो मुझे मारना था!
तुमको तो मैं फिर कभी भी मार लूंगी! लेकिन एक स्त्री के लिए उसके रूप से बढ़कर कुछ नहीं होता! तुमने मेरा रूप मुझे...आह... वापस दिलाया है; इसके... लिए... धन्यवाद ... आह!
इसका जहर तो उतर गया! लेकिन जहर के अभाव में ये बेहोश भी हो गई है! इसको पुलिसस्टेशन भेजने के साथ-साथ मैं भी आखिरकार सिल्लू को धन्यवाद भेज ही दूं!
और-नागराज का वह अनोखा धन्यवाद सिल्लू को मिल गया-
इतना खूबसूरत धन्यवाद भेजने के लिए धन्यवाद, नागराज अंकल!